**भारत सरकार**
**संचार मंत्रालय**
**दूरसंचार विभाग**

**राज्य सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 2107**
**उत्तर देने की तारीख 06 अगस्त, 2026**

**त्रिपुरा में दूरसंचार कनेक्टिविटी**

2107. **श्री राजीब भट्टाचार्जी:**

क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:
(क) त्रिपुरा में बी.एस.एन.एल. के स्वदेशी 4जी नेटवर्क के अंतर्गत अब तक स्थापित एवं चालू 4जी स्थलों का जिला-वार ब्यौरा क्या है;
(ख) भारतनेट परियोजना के अंतर्गत राज्य में कितनी ग्राम पंचायतों को ऑप्टिकल फाइबर से जोड़ा गया है, कितने ग्रामीण ब्रॉडबैंड कनेक्शन दिए गए हैं और इस पर अब तक कितनी राशि व्यय की गई है; और
(ग) क्या त्रिपुरा के सीमावर्ती एवं दूरस्थ जनजातीय क्षेत्रों में 4जी सेचुरेशन परियोजना के अंतर्गत नए मोबाइल टावर स्थापित किए गए हैं अथवा प्रस्तावित हैं?

**उत्तर**
**संचार और ग्रामीण विकास राज्य मंत्री**
**(डॉ. पेम्मासानी चंद्र शेखर)**

**(क)** बीएसएनएल की त्रिपुरा में 555 स्वदेशी 4जी साइट ऑन-एयर हैं। त्रिपुरा में ऑन-एयर साइटों का जिला-वार ब्यौरा अनुबंध-1 के रूप में संलग्न है।

**(ख)** दिनांक 30.06.2026 तक, भारतनेट के तहत त्रिपुरा में जून, 2026 के दौरान कुल 76 ग्राम पंचायतें (जीपी) कार्यशील हैं और कुल 833 एफटीटीएच कनेक्शन चालू हैं। इसके अलावा, त्रिपुरा में भारतनेट परियोजना के लिए कुल 97.05 करोड़ रुपये वितरित किए गए हैं।

**(ग)** दिनांक 30.06.2026 तक, 4जी सैचुरेशन परियोजना के तहत, त्रिपुरा में 104 4जी टावर ऑन-एयर हैं, जो 159 गांवों को मोबाइल सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। इसके अलावा, सरकार ने सीमावर्ती क्षेत्रों में सीमा चौकियों (बीओपी) और सीमा आसूचना चौकियों (बीआईपी) में 4जी आधारित मोबाइल सेवाएं प्रदान करने के लिए परियोजना को भी अनुमोदित किया है।

दिनांक 06.08.2026 के लिए राज्यसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2107 के संबंध में अनुबंध-I

त्रिपुरा में बी.एस.एन.एल. की ऑन-एयर साइटों का जिला-वार विवरण

| **क्र. सं .** | **जिले का नाम** | **ऑन-एयर4 जी साइटें** |
|---|---|---|
| 1 | धलाई | 72 |
| 2 | गोमती | 57 |
| 3 | खोवाई | 52 |
| 4 | उत्तरी त्रिपुरा | 55 |
| 5 | सेपाहिजला | 59 |
| 6 | दक्षिण त्रिपुरा | 87 |
| 7 | उनाकोटी | 37 |
| 8 | पश्चिम त्रिपुरा | 136 |
| | **कुल** | **555** |

*****